**Regarding implementation of Jal Jeevan Mission**

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल **(**बाड़मेर**) :** माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

मैं जिस सीमांत एवं थार के मरूस्थलीय क्षेत्र बाड़मेर-जैसलमेर से आता हूँ, उस क्षेत्र की जनता आज भी पीने के पानी सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए मोहताज है।

जल-जीवन मिशन योजना वर्ष 2019 में शुरू हुई, जिसका उद्देश्य था कि वर्ष 2019 तक हर घर को स्वच्छ जल पीने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में 10 से 15 परसेंट काम भी नहीं हुए हैं। प्रशासन द्वारा सर्टिफिकेट दिए जा रहे हैं कि वहाँ घरों में पानी पहुँचा दिया गया है। लेकिन हकीकत यह है कि वहाँ घरों के अन्दर एक बूंद पानी नहीं पहुँचा है।

माननीय सभापति महोदया, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इस योजना के अंदर जो बड़े स्तर पर घोटले हुए हैं, उनकी जांच कराई जाए । ? (व्यवधान) मरुस्थलीय क्षेत्र हमेशा पानी से संकटग्रस्त क्षेत्र रहा है, इसलिए ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद जी ।

? (व्यवधान)